卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 110 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦ शनिवार ♦25 जनवरी 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# 9 नगर निगमों में भाजपा को बढ़त

## रूद्रपुर में भाजपा प्रत्याशी विकास शर्मा आगे, कई वार्डों में खिला कमल, कई जगह निर्दलियों का दबदबा




देहरादून/रूद्रपुर/काशीपुर/हल्द्वानी/सितारगंज(उद संवाददाता)। निकाय चुनाव की मतगणना में आज प्रदेश के 11 निगमों में 9 में दोपहर तक भाजपा बढ़त बनाये हुए थी। कुमांऊ में हॉट सीट बनी रूद्रपुर, काशीपुर और हल्द्वानी नगर निगम की मतगणना में भी दोपहर तक मिल रहे रूझानों में भाजपा ने बढ़त बना ली थी। हालाकि तीनों ही सीटों में भाजपा कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। परिणाम देर शाम तक आने की संभावना है। वहीं उधम सिंह नगर की नगर पालिका खटीमा, सितारगंज में भाजपा प्रत्याशी बढ़त बनाये हुए थे जबकि नगर पचायत केलाखेड़ा और सुल्तानपुर पट्टी में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर ली थी । जिला मुख्यालय रूद्रपुर में किच्छा रोड स्थित बगवाड़ा मण्डी में कड़ी सुरक्षा के बीच प्रातः 8 बजे से मतगणना शुरू हुयी। सबसे पहले मतपेटियों से निकाय के अध्यक्ष और पार्षद और सभासदों के मतपत छांटकर गड्डियां बनाई गयी। उसके बाद सदस्यों के लिए पड़े मतो की गणना शुरू की गयी। नवगठित नगला नगर पालिका का परिणाम सबसे पहले घोषित हुआ। यहां भाजपा के सचिन शुक्ला विजयी घोषित किये गये। रूद्रपुर नगर निगम में पहले राउण्ड में विकास शर्मा को 5193 और मोहन खेड़ा को 3890 वोट प्राप्त हुए। जबकि दूसरे राउण्ड में भी भाजपा मेयर प्रत्याशी ने बढ़त बनाई थी। जबकि वार्डों में कहीं भाजपा तो कहीं कांग्रेस आगे थी। जबकि कुछ वार्डों में निर्दलीय भी बढ़त बनाये हुए थे। दोपहर तक मिले रूझानों के अनुसार वार्ड नंबर एक से कांग्रेस के रोहित चौहान करीब 100 वोटों से आगे थे। वार्ड दो में भाजपा भाजपा के एमपी मौर्य , वार्ड 4 में कांग्रेस के सुशील मण्डल आगे थे। वार्ड 6 में भाजपा के निमित शर्मा ने बढ़त बना रखी थी। वार्ड 7 में भी भाजपा के कैलाश राठौर आगे चल रहे थे। वार्ड 10 में भाजपा के मुकेश रस्तौगी आगे थे। वार्ड 11, वार्ड 18,23,24 में निर्दलीय प्रत्याशियों ने बढ़त बनाई थी। वार्ड 20 में कांग्रेस के परवेज कुरैशी आगे चल रहे थे। वार्ड 21 से कांग्रेस के कमल सैनी ने बढ़त बना रखी थी। वार्ड (शेष पृष्ठ सात पर)

## नगला में सचिन शुक्ला का लहराया परचम



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नवगठित नगला नगर पालिका में भाजपा प्रत्याशी सचिन शुक्ला ने 1856 मतों से जीत दर्ज की है। यहां अध्यक्ष पद पर भाजपा के सचिन शुक्ला और निर्दलीय विक्रम सिंह के बीच सीधा मुकाबला था। भाजपा के सचिन शुक्ला ने 2078 वोट हासिल कर बड़ी जीत दर्ज की है। निर्दलीय प्रत्याशी को मात्र 22 मत मिले। जबकि 17 मत नोटा पर पड़े और 82 वोट रद्द कर दिये गये। यहां कुल 2399 लोगों ने मतदान किया था। वार्ड नंबर एक से नेहा मिश्रा 39 वोट प्राप्त कर मात्र दो वोटों से जीत दर्ज की। उनकी प्रतिद्वंदी सीमा देवी को 37 वोट मिले। वार्ड नंबर दो में ज्योति प्रसाद ने 117 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उनकी प्रतिद्वंद्वी निशा यादव को 89 वोट मिले। वार्ड नं. 3 में नीलम यादव ने 166 वोट लेकर जीत दर्ज की जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी रेखा को 145 वोट मिले। वार्ड नं. 4 में सुनील रोहेला 206 मत लेकर विजयी हुए उनके प्रतिद्वंद्वी तौहिद अशरफ को 134 वोट मिले। वार्ड नं. 5 अजय ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## गूलरभोज में निर्दलियों का रहा दबदबा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गूलरभोज नगर पंचायत चुनाव में अधिकाश मतदाताओं ने दोनों राष्ट्रीय दलों भाजपा व कांग्रेस का नकारते हुए निर्दलीय प्रत्याशियों पर अपना भरोसा जताया है। आज हुई मतगणना में नगर पंचायत के अध्यक्ष पद और कुल 7 वार्ड़ों में जहां निर्दलीय प्रत्याशियों ने अप्रत्याशित रूप से पांच स्थानों पर जीत हासित की है तो वहीं भाजपा व कांग्रेस को महज एक एक सीट जी कर ही संतोष व्यक्त करना पड़ा। घोषित किये परिणाम के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी सतीश चुघ ने भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों को पराजित करते हुये विजय हासिल की। निर्दलीय प्रत्याशी सतीश चुघ को 2265 मत मिले जबकि भाजपा के संजीव कुमार को 975 व कांग्रेस के किशोर सिंह को 936 वोट मिले। 41 वोट नोटा पर पड़े। वार्ड एक से निर्दलीय प्रत्याशी बलराम मंडल ने जीत हासिल की। उन्हें कुल 370 मत हासिल हुये जबकि उनके प्रतिद्वन्दी भाजपा के रमेश कुमार को 178 व कांग्रेस के देवाशीष विश्वास को 67 मत मिले। वार्ड दो से भाजपा के इंन्दर सिंह नेजीत हासिल की । उन्हें 234 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी निर्दलीय जगदीश सिंह को 217 व कांग्रेस के आकाश चौहान को 170 मत मिले। वार्ड तीन से निर्दलीय ममता ने जीत हासिल की। उन्हे 256 मत हासिल हुये जबकि उनकी प्रतिद्वन्दी कांग्रेस देवी की भारती को 186 व भाजपा की अलका रानी को 142 मत प्राप्त हुये।, वार्ड चार से निर्दलीय नरेश घरामी ने जीत (शेष पृष्ठ सात पर)

## लालपुर में नगर पंचायत में खिला कमल



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नवगठित लालपुर नगर पंचायत के हुये चुनाव में अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। भाजपा ने यहां निर्दलीय प्रत्याशी से जीत हासिल की है। आज हुई मतगणना में लालपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर भाजपा की बलविन्दर कौर ने विजयी हासिल की। उन्हें 2200 मत हासिल हुई जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वन्दी निर्दलीय प्रत्याशी शहाना बानों को 814 मत हासिल हुये जबकि कांग्रेस प्रत्याशी निभा गोस्वामी 798 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। यहां आपको बता दे कि भाजपा प्रत्याशी बलविन्दर कौर को सांसद प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन जल्होत्रा द्वारा चुनाव लड़ाया जा रहा था। उनकी रणनीति के चलते भाजपा प्रत्याशी का राह आसान हो सकी और अन्तोगतवा उन्होंने जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी बलविन्दर कौर की विजय पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बधाई देते हुये जनता का आभार जताया गया।

## लालकुंआ में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़े निर्दलीय सुरेन्द्र

### 203 वोटों से दर्ज की जीत, भाजपा की हुई करारी हार



लालकुआं(उद संवाददाता)। नगर निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी फौजी सुरेंद्र सिंह ने अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर अस्मिता मिश्रा को 203 वोटों के अंतर से हराकर यह जीत हासिल की। भाजपा तीसरे नंबर पर रही। सुरेंद्र सिंह की जीत जनता के बीच उनके मजबूत जनसंपर्क और सरल छवि का प्रमाण मानी जा रही है। चुनाव के दौरान उन्होंने विकास और पारदर्शिता को अपना मुख्य मुद्दा बनाया। इस जीत पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सुरेंद्र सिंह को कुल 1702 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डा. अस्मिता मिश्रा को 1500 वोट, भाजपा प्रत्याशी प्रेमनाथ को 1111 वोट और निर्दलीय माजिद अली को 229 वोट प्राप्त हुए। सुरेंद्र सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 203 वोटों से हराया। लालकुआं नगर पंचायत में सात वार्ड है, इनमें वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर से भाजपा की सभासद प्रत्याशी नेहा आर्य ने 27 वोटों से जीत दर्ज की है, नेहा आर्य को 558 वोट और शिबू को 531 मिले। वार्ड नंबर 2 गांधीनगर से सभासद प्रत्याशी धन सिंह बिष्ट ने 297 वोटों से जीत दर्ज की है, धन सिंह बिष्ट को 534 व उनके विपक्ष में खड़ी हुई कांग्रेस (शेष पृष्ठ सात पर)

## नानकमत्ता के 7 में से पांच वार्डों में निर्दलीय जीते









नानकमत्ता।नगर पंचायत के चुनाव में सात वार्ड में हुए चुनाव परिणाम में भाजपा के दो प्रत्याशी चुनाव जीते हैं, जबकि 5 सीटों पर निर्दलीयों ने बाजी मारी है, नगर पंचायत नानकमत्ता के सात वार्डों के चुनाव की मतगणना मंडी परिसर सितारगंज में संपन्न हुई, सातों वार्ड के लिए अलग-अलग टेबल लगाकर गिनती शुरू हुई। चुनाव परिणाम में वार्ड नंबर 1 से गौरव वर्मा ने बीजेपी ओम प्रकाश चौरसिया को 114 वोट से पराजित किया। वार्ड 2 से बीजेपी सुमनवती राणा ने निर्दलीय मनदीप कौर को पराजित किया। वार्ड 3 में विशाल गोयल ने बीजेपी मन्नू चौहान को एक वोट से पराजित किया। वार्ड 4 में बीजेपी के सुरंजन राय ने विजय हासिल की। वार्ड 5 में निर्दलीय प्रत्याशी नकुल भट्ट ने विजय हासिल की। वार्ड 6 में गौरव वर्मा ने 114 बोर्ड से भाजपा के ओमप्रकाश चौरसिया को हराया,वार्ड 7 में आकांक्षा चौरसिया निर्दलीय ने जीत हासिल की। अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी प्रेम सिंह टुरना पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके है।

## उधम सिंह नगर में चुनाव परिणाम

- सुल्तानपुर पट्टी,केलाखेड़ा में खिला कमल
- सुल्तानपुर पट्टी से नगर पंचायत अध्यक्ष पर भाजपा के राजीव सैनी ने कांग्रेस प्रत्याशी को हराकर जीत हासिल की।
- केलाखेड़ा में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित मोहम्मद शफी ने कांग्रेस के उम्मीदवार हामिद अली को 34 मतों से पराजित कर जीत हासिल की।
- गदरपुर,खटीमा में भाजपा प्रत्याशी आगे,बाजपुर में कांग्रेस प्रत्याशी आगे।
- शक्तिफार्म में निर्दलीय प्रत्याशी सुमित मण्डल विजयी,
- भाजपा प्रत्याशी विश्वजीत हालदार को हराया।
- सितारगंज में भाजपा और निर्दलीय में कांटे की टक्कर

# नगर पंचायत की कई सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने मारी बाजी

देहरादून। निकाय चुनाव में नगर पंचायतों में कई सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने शानदार विजय हासिल की है। चमोली की नगर पंचायत नंदा नगर घाट से अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी बीना रौतेला 187 मतों से जीत गयी है। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी संध्या को पराजित कर विजय हासिल की है। बता दें भाजपा प्रत्याशी संध्या को 467 और कांग्रेस प्रत्याशी बीना रौतेला को 650 वोट मिले. जबकि नोटा 1 और 6 मत रद्द हुए. कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के बाद नंदा नगर में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस प्रत्याशी ने इसे जनता की जीत



बताया है. नगर पंचायत सतपुली में कांग्रेस के प्रत्याशी जितेन्द्र सिंह चौहान ने भाजपा की प्रत्याशी अंजना वर्मा को 471 मतों से पराजित किया. सतपुली के चारों वार्डों में भी कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है. पिथौरागढ़ के डीडीहाट में पहली बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। वहीं भाजपा तीसरे नंबर पर है. वहीं बेरीनाग सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत हासिल की है।पौड़ी गढ़वाल में दुगड्डा नगर पालिका अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी शांति बिष्ट ने की जीत हासिल श्रीनगर नगर निगम निर्दलीय प्रत्याशी आरती भंडारी 466 वोट से आगे। रुद्रप्रयाग नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी संतोष रावत की जीत लगभग तय। अगस्त्यमुनि नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद गोस्वामी ने 8 वोट से भाजपा प्रत्याशी को हराया।

# चंपावत में भाजपा प्रत्याशी प्रेमा पांडे 110 वोट से जीती



चंपावत (उद संवाददाता)। चंपावत नगर पालिका सीट पर भाजपा ने 110 वोट से चुनाव जीत लिया । निकाय चुनाव में कांग्रेस यहां तीसरे नंबर पर आई है । भाजपा प्रत्याशी प्रेमा पांडे ने निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय वर्मा की पत्नी ममता वर्मा को 110 वोट से पराजित कर दिया। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पांडे को 1964 वोट प्राप्त हुए। यहां पर कांग्रेस को बड़ा झटका देखने को मिला है। चुनाव में जीत का दावा कर रही कांग्रेस तीसरे नंबर पर आई है।

# मतगणना के लिए 54 काउंटिंग सेंटर्स में 6300 कार्मिक तैनात

## निर्वाचन आयोग ने 65.41 प्रतिशत मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए

देहरादून। उत्तराखंड में आज निकाय चुनावों की मतगणना प्रक्रिया चल रही है। राज्य के अलग अलग जिलों में मतगणना का काम शुरू हो गया है। राज्य भर में कुल 54 काउंटिंग सेंटर्स बनाए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने मतगणना के लिए 6300 से अधिक कार्मिकों की तैनाती की है। मतगणना से सम्बन्धित रूझान एवं परिणाम राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जनसामान्य के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे। मेयर पद के लिए शुरुआती रुझान आने शुरू हो गए हैं। शुरूआती रूझानों में कई सीटों पर भाजपा कांग्रेस को निर्दलीय प्रत्याशी भी कांटे की टक्कर दे रहे है। फिलहाल नगर प्रमुख/अध्यक्ष की सीटों पर भाजपा और निर्दलीय समेत कांग्रेस प्रत्याशी आगे है। वहीं बीजेपी के खाते में नगर प्रमुख/अध्यक्ष की तीन सीटें आ चुकी हैं। वहीं कांग्रेस मेयर की एक सीट पर आगे है। 11 नगर निगमों में मेयर के लिए रूद्रपुर, काशीपुर, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, देहरादून, ऋषिकेश,रूड़की, हरिद्वार, कोटद्वार नगर निगम में मेयर उम्मीदवारों 72 प्रत्याशी मैदान में हैं जबकि 89 नगर पालिका, नगर पंचायतों में अध्यक्ष के 445 प्रत्याशी हैं। सभी निगम, पालिका, पंचायतों में वार्ड सदस्य/पार्षद के कुल 4,888 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। अध्यक्ष के 43 पदों के साथ ही निगमों में पार्षद के 540, नगर पालिकाओं में सभासद के 444 और नगर पंचायतों में वार्ड सदस्य के 298 पदों पर चुनाव की मतगणना होगी। आज सुबह आठ बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई। देहरादून में रेंजर्स ग्राउंड में काउंटिंग हो रही है। देहरादून नगर निगम में मेयर पद के कुल 10 उम्मीदवार हैं जबकि पार्षद पद के लिए 385 प्रत्याशी मैदान में हैं। उत्तराखंड के मतदाताओं में आम चुनाव के बाद निकाय चुनाव में भी मतदान का रुझान कम नजर आया। राज्य निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को 100 निकायों के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए। 2018 निकाय चुनाव के 69.79 से 4.38 प्रतिशत गिरावट के साथ इस बार मतदान 65.41 प्रतिशत पर पहुंच गया। वहीं, देहरादून को छोड़कर बाकी सभी 10 निगमों का मतदान प्रतिशत 60 से ऊपर रहा। बृहस्पतिवार को देर रात राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 65.03 प्रतिशत मतदान के अनंतिम आंकड़े जारी किए थे। शुक्रवार को अंतिम आंकड़े जारी किए। 2018 के मुकाबले मतदाताओं की संख्या पांच लाख से अधिक बढ़ी जरूर लेकिन मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ पाया। पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों में राज्य में मतदान प्रतिशत में 2.01 प्रतिशत मतदान गिरा था। निकाय चुनावों में यह गिरावट बढ़ गई है। जिलेवार आंकड़े देखें तो केवल अल्मोड़ा, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में ही मतदान बढ़ा है। बाकी सभी जिलों बागेश्वर, चंपावत, देहरादून, चमोली, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और उत्तरकाशी में मतदान प्रतिशत में 2018 के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

### नतीजों के आकड़े मोबाइल पर देख सकेंगे

देहरादून। मतगणना के पल-पले के अपडेट आयोग की वेबसाइट http.secresult-uk-gov-in पर देखी जा सकेगी। पहली बार मतगणना की पूरी जानकारी आप अपने घर में मोबाइल पर देख सकेंगे। चमोली की नगर पंचायत नंदानगर घाट (1129 वोट), पौड़ी की नगर पालिका दुगड्डा (1186 मत), नगर पालिका रानीखेत (1412 मत), नगर पंचायत थराली (1421 मत), नगर पालिका द्वाराहाट (1444 मत), नगर पंचायत कीर्तिनगर टिहरी (1659 मत) के नतीजे सबसे जारी होने के अनुमान हैं। नगर निगमों के नतीजे जारी होने में समय लग सकता है। नगर निगम देहरादून में 4,31,611 मतों की गिनती होगी। नगर निगम हल्द्वानी में 1,58,394 मतों और नगर निगम हरिद्वार में 1,31,801 मतों की गिनती होनी है। कुछ ऐसे भी निकाय हैं, जहां मुकाबला काफी नजदीकी होने के कारण री काउंटिंग जैसे विवाद हो सकते हैं।

**ULB Election 2024-25 Polling Percentage**

| S.No. | District Name | Total Polling Percentage |
|---|---|---|
| 1 | अल्मोड़ा | 62.45 |
| 2 | बागेश्वर | 67.19 |
| 3 | चमोली | 65.03 |
| 4 | चम्पावत | 68.81 |
| 5 | देहरादून | 58.56 |
| 6 | हरिद्वार | 70.87 |
| 7 | नैनीताल | 66.33 |
| 8 | पौड़ी गढ़वाल | 64.97 |
| 9 | पिथौरागढ़ | 65.02 |
| 10 | रुद्रप्रयाग | 70.58 |
| 11 | टिहरी गढ़वाल | 61.80 |
| 12 | उधम सिंह नगर | 71.70 |
| 13 | उत्तरकाशी | 65.62 |
| Total Percentage | | 65.41 |

# वैश्य महिला समिति की कार्यकारिणी का विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वैश्य महिला समिति हल्द्वानी की एक आम सभा बैठक कालाढूंगी रोड स्थित खंडेलवाल भवन में सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष श्रीमती मंजू वार्ष्णेय के नेतृत्व एवं महामंत्री श्रीमती स्नेहलता गुप्ता के संयोजन , कोषाध्यक्ष श्रीमती मनोरमा खंडेलवाल की संस्तुति पर कार्यकारिणी 2024-2026 का विस्तार किया गया। साथ ही अध्यक्षा मन्जू वार्ष्णेय ने बहनों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ,वैश्य महिला समिति की सभी बहनें एक परिवार की तरह हैं ,और परिवार की तरह ही मिलजुल कर हम सभी को कार्य करना होगा। जिससे कि हम सभी अपने सुख-दुख और समाज में हो रहे उत्कृष्ट कार्य को सुचारू रूप से सफल बना सकते हैं। हम ऐसी आशा करते हैं। सभी बहनों ने अपना



समर्थन दिया।कार्यक्रम में अतिथि वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ,वैश्य महिला समिति की संरक्षक श्रीमती सुचित्रा जायसवाल और वैश्य महिला समिति के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# सातवीं का छात्र हुआ लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कक्षा 7 का छात्र पिछले छह दिनों से लापता है। माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल है। वह अपने माता-पिता का इकलौता लड़का है। वह कुंडेश्वरी रोड स्थित गुरूनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का छात्र है। एसडीएम कोर्ट के पास गौरी बिहार जसपुर खुर्द निवासी रोहित ठाकुर ने बताया कि उनका चौदह वर्ष का पुत्र अभिषेक ठाकुर बीते 20 जनवरी से सायं चार बजे से घर से लापता हो गया। इससे पहले वह खड़कपुर-देवीपुरा में पतंग उड़ा रहा था। किसी ने उन्हें इसकी जानकारी दी तो वह अपने पुत्र को घर छोड़कर ड्यूटी पर चले गए थे। दरअसल उस दिन वह स्कूल जाने की बजाए पतंग उड़ा रहा था। उसे डर था कि शाम को ड्यूटी से लौटकर



माता-पिता उसे डांट लगाएंगे जिसके डर से दिन में 4बजे के आसपास वह अचानक घर से चला गया। तबसे उसका कोई पता नहीं चला है।उसके पिता ने बताया कि वह डांट के डर से घर नहीं आ रहा। उसके बाद से उन्होंने अपने तमाम रिश्तेदारों और परिचितों के घर जाकर पूछताछ की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बेटे के लापता होने की सूचना पुलिस को भी दे दी है।



# अब 'आपदा प्रबंधन' में भी अपने जौहर दिखाएंगी 'उत्तराखंड की महिलाएं'

## आपदा प्रबंधन का उत्तराखंडी मॉडल तैयार करने की कवायद आरंभ, सूबे की दस लाख महिलाओं को बनाया जाएगा आपदा सखी

-अर्श-

देहरादून । उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार राज्य में हर वर्ष आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले जहां माल के नुकसान को रोकने एवं बेहतर से बेहतर आपदा प्रबंधन के लिए उत्तराखंडी मॉडल तैयार करने की कार्य योजना पर अमल करने जा रही है। अपनी इस कार्य योजना में सरकार प्रदेश को महिलाओं शामिल कर उन्हें एक अहम भूमिका देने पर विचार कर रही है। सरकार का यह विचार धरातल पर उतारने के लिए उत्तराखंड के 65,000 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दस लाख महिलाओं को आपदा सखी के रूप में ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद यह महिलाएं आपदा राहत बचाव के कार्यों में गांव व तहसील स्तर पर सहयोग करेंगी। उत्तराखंड शासन की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विगत दिनों सचिवालय में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जापान के सेन्डई फ्रेमवर्क के क्रियान्वयन की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने राज्य में दूसरों की कार्य योजना का अनुसरण करने की बजाए आपदा प्रबंधन का अपना मॉडल तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया।उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी अपनी सीमाओं से बाहर निकलकर एनजीओ, सिविल सोसाइटी, सामाजिक संस्थाओं एवं निजी विशेषज्ञों के सुझाव के आधार पर व्यापक दृष्टिकोण के साथ काम करे। इसके अलावा उन्होंने राज्य में जोखिम आकलन के



लिए तत्काल मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण शुरू करने तथा आपदा प्रबंधन में पूर्व सैनिकों का सहयोग लेने के भी निर्देश दिए। साथ ही बच्चों को स्कूल स्तर पर ही आपदा प्रबंधन की जानकारी देने के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि प्रदेश की आने वाली पीढ़ी आपदा प्रबंधन की कला में पारंगत रहे। मुख्य सचिव के अनुसार राज्य सरकार आपदा जोखिम न्यूनीकरण में इन्श्योरेन्स योजना को व्यापक तौर पर अमल में लाने की पक्षधर है ।उन्होंने इस संदर्भ में कार्ययोजना बनाने में बरती जा रही ढिलाई पर सख्त नाराजगी जताते हुए विभाग को इस विषय पर गम्भीरता से विचार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने राज्य में भवनों के निर्माण में भारी निर्माण सामग्री पर चिंता जताई और कहा कि प्रदेश में हल्के निर्माण को प्राथमिकता दिए जाने की जरूरत है और इस संदर्भ में राज्य केंद्रित योजना अति आवश्यक है। मुख्य सचिव ने राज्य में आपदा जोखिम की दृष्टि से संवेदनशील गांवों की रिपोर्ट तलब करते हुए सभी संवेदनशील गांवों के पुनर्वास की कार्ययोजना की स्थिति स्पष्ट करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिलाधिकारियों को सभी गांवों का आपदा जोखिम आकलन करने के भी निर्देश दिए हैं।

# पंजाबी समाज के खिलाफ टिप्पणी पर जताया रोष

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी के पति अनिल सिंह ने पंजाबी समाज के खिलाफ की टिप्पणी पर पंजाबी समाज में रोष है भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि अनिल सिंह ने पंजाबी समाज के खिलाफ अपशब्द बोले हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें कोई हक नहीं है किसी के धर्म को लेकर टिप्पणी करने का उन्होंने अनिल सिंह के इस बयान की कड़ी निंदा



की है। सुखीजा ने मांग की है कि कांग्रेसी नेता को उनके द्वारा दिए गए शर्मनाक बयान से न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरी दुनिया में रह रहे पंजाबियों से माफी मांगनी चाहिए। सुखीजा ने कहा कि अनिल सिंह के बयान से कांग्रेस का पंजाबी विरोधी चेहरा फिर से बेनकाब हुआ है। सुखीजा ने कहा कि गदरपुर में सभी धर्म के लोग रहते हैं आते जाते है अनिल सिंह के इस बयान से पंजाबी समाज में भारी रोष है और यह अस्वीकार्य है और पंजाबी का देशभक्ति का अपमान है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई प्रशासन को करनी चाहिए। इस दौरान मिंटू गुंबर, सुरेश खुराना,कपिल गंडा मौजूद रहे।

# श्री सनातन धर्म मंदिर के वार्षिकोत्सव से पूर्व निकली भव्य शोभा यात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मन्दिर, बुधबाजार का 46 वां वार्षिकोत्सव बसंत पंचमी पर्व पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के शुभारम्भ से पूर्व विशाल कलश यात्रा





निकाली गयी। शुक्रवार को सनातन मंदिर अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी के नेतृत्व में कलश यात्रा श्री शिव पार्वती मंदिर आवास विकास कालोनी से प्रारम्भ होकर गूलरभोज मोड, मुख्य बाजार होते हुए श्री सनातन धर्म मंदिर पहुंची। आचार्य नीरज शरणार्थी राष्ट्रीय संरक्षिका राष्ट्रीय केसरिया हिंदू वाहिनी वृंदावन एवं पंडित विजय शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के उपरान्त 108 कलशों को मन्दिर में स्थापित किया। कलश यात्रा के दौरान नगर श्री कृष्णमय एवं भक्तिमय हो गया। मन्दिर अध्यक्ष राजकुमार भुडडी ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा 26 जनवरी से 1 फरवरी तक सायं 3 बजे से सायं 6 बजे तक आचार्य नीरजा शरणार्थी (राष्ट्रीय सरक्षिका राष्ट्रीय केसरिया हिंदू वाहिनी वृंदावन) श्रीमद् भागवत महापुराण कथा अपनी मधुर वाणी से कथा प्रवचन करेंगी , 2 फरवरी को प्रातः 10 बजे महिला संर्कीतन, 11 बजे संत्सग एवं संर्कीतन व दोपहर 1 बजे से अटूट लंगर होगा। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे ,लवली हुड़िया,पूर्व अध्यक्ष वेदराज बजाज, श्याम लाल सुखीजा, अभिषेक गुंबर,अजय खेड़ा,लेखराज नागपाल, टीकम खेड़ा, सोमनाथ छाबड़ा, कृष्ण लाल बत्रा, हरिचंद छाबड़ा,मुनी भुसरी,लेखराज भुड्डी,अशोक पोपली, मनोज गुंबर मिंटू,राजकुमार सिंधी,कृष्ण सुधा,कृष्ण लाल अनेजा,संदीप चावला,संदीप बत्रा, कृष्ण लाल कालड़ा,मुकेश कुमार,सोमनाथ छाबड़ा, जगमोहन बजाज,रमेश सुधा,विजय सुखीजा, दीपक सुधा,जयकिशन भुड्डी,ज्योति छाबड़ा,बबीता,सीमा रानी सहित काफी संख्या में श्रद्वालु शामिल थें।

# अनिल सिंह का होना चाहिए सामाजिक बहिष्कार : अमित नारंग

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित नारंग ने अनिल सिंह के बयान पर कड़ी निंदा करते हुए बताया कि अनिल सिंह ने जिस तरह की बयान बाजी पंजाबी समाज के लिए की है। अनिल सिंह का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए, उन्होंने पत्रकार वार्ता करते हुए यह बात बताई,ओर कहा कांग्रेस कार्यकर्ता अनिल सिंह बेलगाम हो गए हैं और पंजाबी समाज के लिए बेहुदा टिप्पणी कर रहे हैं जिसे पंजाबी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा उन्होंने सभी से अपील की अनिल सिंह का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म के बारे में अभद्र टिप्पणी न करे।



# स्वैच्छिक शिविर में तीन दर्जन लोगों ने किया रक्तदान

गदरपुर (उद संवाद)। स्वर्गीय ओमप्रकाश भुसरी की तृतीय पुण्यतिथि पर गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में श्री कृष्णा हॉस्पिटल काशीपुर के सौजन्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़,महामंत्री संदीप चावला,कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा एवं स्व, ओमप्रकाश भुसरी के पुत्रों अनिल कुमार भुसरी एवं मुकेश कुमार भुसरी द्वारा संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया । स्वर्गीय ओमप्रकाश भुसरी की पुण्यतिथि पर लगवाए गए स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर में लगभग तीन दर्जन रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान करके अपनी सेवा का पुण्य कमाया गया। तीन महिलाओं



प्रेरणा, स्वाति एवं डिंपल द्वारा भी पहली बार रक्तदान किया गया। श्री कृष्णा हॉस्पिटल काशीपुर के चिकित्सकों की टीम के डा,सफदर अली,राजन सिंह, देवेंद्र पटेल, राज शर्मा ,निसार अहमद, तौकीर अहमद द्वारा रक्त दाताओं का रक्त जांच कर रक्तदान की प्रक्रिया को संपन्न करवाया गया। स्वर्गीय ओम प्रकाश के पुत्रों अनिल कुमार एवं मुकेश कुमार द्वारा सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए । इस मौके पर कांग्रेस नेता वरुण कपूर ,आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गगनेजा, समाजसेवी विनोद कुमार भुसरी, अजीत भुसरी, सतीश मुंजाल, टीकम खेड़ा, सतनाम चावला, राइस मिलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल भुसरी, केवल कृष्ण गाबा,नवीन खेड़ा,नरेश गंडा, सागर गंडा, विकास कुकरेजा, नीटू हुड़िया, कार्तिक भुसरी, अशोक हुड़िया, एकांश भुसरी ,मनजीत मैनी, विजय सिंह, इंद्रजीत सिंह, कृष्णा सुधा आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

## राजभवन में मनाया गया 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' और 'उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस'

देहरादून (उद संवाददाता)। राजभवन में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया। 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में हाईस्कूल की प्रियांशी रावत और इंटरमीडिएट में कला संकाय से कुमारी साक्षी, विज्ञान संकाय से कंचन जोशी और वाणिज्य संकाय से तमन्ना पंवार को 50-50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री गुरु राम राय इण्टर कॉलेज सहसपुर की बालिकाओं ने 'बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ' पर आधारित नाटक का मंचन किया। हिमज्योति की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि आने वाले समय में बदलाव की क्रांति का नेतृत्व हमारी महिलाओं एवं बेटियों द्वारा किया जायेगा। वे हर क्षेत्र में नेतृत्व के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाएं आज निरंतर हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिकाएं निभा रही हैं। आज प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं अपने परिश्रम से प्रदेश की आर्थिकी में योगदान दे रही हैं। उन्होंने बालिकाओं से टेक्नोलॉजी को अपनाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में किसी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में डिग्री या अवॉर्ड दिए जाते हैं जिसमें लड़कों की तुलना में बेटियों की संख्या अधिक होती है जो एक सुखद बदलाव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए चल रहे प्रयासों को और मजबूत करने का एक अवसर है। । राज्यपाल लेफ्टिनेंट



जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी विशिष्टताओं और योगदानों के कारण भारत का एक विशेष राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध और विविध स्थलाकृति, जीवंत संस्कृति, त्योहारों, स्मारकों, प्राचीन धार्मिक स्थलों और विहारों के कारण पर्यटकों के लिए अत्यधिक आकर्षण का केंद्र है। राज्यपाल ने हिन्दी साहित्य और कला के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य के विकास में यह राज्य सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साहित्य और कला के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा है और इसके अद्वितीय योगदान ने पूरे देश की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है। राज्यपाल ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल हमारी सदियों पुरानी एकता की शक्ति को बल देती है। यह हमारी विविधता में एकता और सामूहिक ताकत का परिचायक है। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव विनोद कुमार सुमन, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, अपर सचिव रंजना राजगुरु सहित अन्य उत्तराखण्ड में कार्यरत उत्तर प्रदेश के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आप ने दिल्लीवासियों के साथ किया सिर्फ धोखा: धामी

नई दिल्ली। दिल्ली में पटेलनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री राजकुमार आनंद के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धमी ने दिल्ली की जनता से भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की। उन्होंने दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार की विफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्लीवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के नाम पर सिर्फ धोखा दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा, ष्दिल्ली में विधानसभा चुनावों में भाजपा को विजयी बनाने के लिए मुझे पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली की विकासपरक जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी।ष उन्होंने पार्टी के कार्यों और सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ष्भाजपा ने जो भी संकल्प लिए हैं, उन्हें पूर्ण किया है। कश्मीर से धारा 370 का हटना, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, और अब समान नागरिक संहिता कानून लागू करना हमारे विकासात्मक दृष्टिकोण का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जा रहा है, साथ ही दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण से दिल्ली और उत्तराखंड के बीच यात्रा आसान होगी, जो राज्य के विकास में अभूतपूर्व योगदान देगा। मुख्यमंत्री धामी ने आम आदमी पार्टी (की आलोचना करते हुए कहा, ष्अगर राष्ट्रीय स्तर पर झूठ बोलने की प्रतियोगिता होती, तो उसमें पहला स्थान अरविंद केजरीवाल को मिलता। उनकी सरकार ने दिल्ली की जनता को लगातार धोखा दिया और माफियाओं के हाथों में दिल्ली की सरकार को सौंप दिया। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे बताते हुए कहा, ष्इन दोनों पार्टियों में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और हिंदू संस्कृति का अपमान करने की सोच एक समान है। जनसभा में सीएम धामी ने दिल्लीवासियों से भाजपा को समर्थन देने की अपील की, ताकि डबल इंजन की सरकार के तहत राज्य और दिल्ली में समान रूप से विकास संभव हो सके।





# कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

## यातायात पुलिस की हेड कांस्टेबल नूतन तिवारी को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की स्वर्ण जयंती एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगन्नाथ शिन्दे के 75 वें जन्मदिन पर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करते हुए एसोसिएशन के 112 सदस्यों ने रक्तदान किया। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी ने बताया कि आज एआईओसीडी की स्वर्णिम जयन्ती मना रहे हैं तथा हमारा राष्ट्रीय संगठन 12.40 लाख सदस्यों के साथ देश भर में जनता के लिए सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। उन्होंने बताया कि 12.40 लाख सदस्यों के हितों के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले हमारे नेतृत्वकर्ता जेएस शिन्दे के 75 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में देशव्यापी रक्त दान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। महामंत्री भारती राठौर ने कहा रक्तदान एक जीवनदान है। आपका एक प्रयास तीन जीवन बचा सकता है। रक्तदान समाज में एकता, अखंडता और सद्भावना का सन्देश फैलाता है। कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी ने कहा रक्तदान से जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है जिससे स्वयं का महत्व समझ में आता है और जीवन के प्रति नजरिया बदलता है। उपाध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि यूएवीएम के अध्यक्ष बीएस मनकोटी एवं महामंत्री व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष (एआईओसीडी) अमित गर्ग के निर्देशन में संस्था कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन हल्द्वानी भी इस महाअभियान जिला कैमिस्ट एसोसिएशन नैनीताल के सहयोग से सम्मलित होकर रक्त दान शिविर आयोजित कर रही है। कार्यकी के डॉट संस्था द्वारा यातायात पुलिस की हेड कांस्टेबल नूतन तिवारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थाके प्रेम मदान, नरेन्द्र साहनी, उमेश जोशी, राजकुमार अग्रवाल, संजय जैन, राजकुमार सेतिया, संदीप जोशी, सुशील मोंगिया, भुवन सती, मोहम्मद एहतेशाम, विनय विरमानी, विजय राणा, राकेश राणा, हेमलता मिश्रा, बबीता हलधर, राशी जैन, विशाल सिंघल आदि मौजूद रहे।




# जयपुर का प्रेमी और अल्मोड़ा की प्रेमिका होटल में भिड़े

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सोशल मीडिया के माध्यम से हुए प्रेम प्रसंग के चलते शहर के एक होटल में जयपुर निवासी प्रेमी और अल्मोड़ा निवासी प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर जबरदस्त विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों ने एक-दूसरे पर हमला करने के साथ ही कमरे में तोड़फोड़ भी कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। साथ ही दोनों के परिजनों को भी मामले से अवगत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर निवासी 40 वर्षीय युवक और अल्मोड़ा की 25 वर्षीय युवती सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे से जुड़े थे और प्यार करने लगे। जिसके बाद दोनों ने हल्द्वानी में मिलने का निर्णय लिया। युवक जयपुर से हल्द्वानी पहुंचा और उसने एक होटल में कमरा बुक कराया। सुबह करीब 12 बजे दोनों होटल पहुंचे, लेकिन शाम होते-होते किसी बात को लेकर उनका विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने न सिर्फ एक-दूसरे को मारा-पीटा, बल्कि कमरे में भी तोड़फोड़ भी करते हुए सिंक, खिड़की के शीशे और आईना तोड़ डाला। युवक ने कांच से अपनी प्रेमिका पर हमला कर दिया, जिससे उसके पेट से खून निकलने लगा। जिसके चीखने- चिल्लाने की आवाज सुन होटल कर्मी कमरे के बाहर पहुंचे तो शोर सुन उल्टे पांव लौट गए और होटल प्रबंधन को सूचना दी। होटल प्रबंधन से घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कमरे में पहुंची तो फर्श पर खून की बूंदे और कांच टूटा पड़ा मिला। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेने के साथ मौके पर पड़े कांच के टुकड़े भी कब्जे में लिए है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है और उनके परिजनों को भी मामले से अवगत करा दिया गया है।

# अजय भट्ट ने पीएम और रेल मंत्री का जताया आभार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश पर 11 जनवरी से लालकुआं से बेंगलुरु के मध्य 05074 लालकुआं बेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन तथा 12 जनवरी से काठगोदाम से प्रयागराज झूसी के लिए 05312 काठगोदाम झूसी कुंभ मेला स्पेशल रेल संचालन होने पर उन्होंने आभार जताया। श्री भट्ट ने बताया कि 45 दिन के कुंभ मेले के लिए काठगोदाम से पांच फेरा के लिए ट्रेन का संचालन हो रहा है जो दूसरी फेर में 27 जनवरी को काठगोदाम से रवाना होगी । इसी प्रकार प्रयागराज झूसी से काठगोदाम के लिए भी ट्रेन का संचालन होगा।श्री भट्ट ने बताया कि उनके द्वारा पत्र लिखकर कुंभ मेले में कुमाऊं क्षेत्र के लोगों के श्रद्धालुओं के लिए आवागमन सुगम किए जाने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का अनुरोध किया गया था। जिसके तहत 24 फरवरी तक प्रयागराज में लगे कुंभ के लिए कुमाऊं मंडल से श्रद्धालुओं को कुंभ स्नान के आवागमन में परेशानी ना हो इसलिए भारत सरकार और रेल मंत्रालय की तरफ से काठगोदाम से झूसी प्रयागराज के लिए स्पेशल रेल संचालन शुरू किया गया है। श्री भट्ट ने बताया कि 27 जनवरी 1 फरवरी 10 फरवरी और 24 फरवरी को काठगोदाम से प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेन जाएगी जबकि 28 जनवरी 2 फरवरी 11 फरवरी और 25 फरवरी को कुंभ स्पेशल ट्रेन वापस आएगी। इसके अलावा प्रति शनिवार को लाल कुआं से बेंगलुरु के लिए भी रेल सेवा का संचालन प्रारंभ हो गया है जो तिरुपति बालाजी के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है जिससे बेंगलुरु से भी उत्तराखंड वाले यात्रियों को बड़ा फायदा होगा तथा यहां के यात्री भी बालाजी धाम के दर्शन आसानी से कर सकेंगे। श्री भट्ट ने कुमाऊं वासियों के लिए लाल कुआं से बेंगलुरु तथा कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी वह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।



# पुलिस ने फरार वांछित को गिरफ्तार किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में वारंटी और वांछितों की गिरफ्तारी के लिए की जा रही कार्रवाई के तहत ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चोरी के मामले में फरार वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में वांछित फरार और वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत थाना ट्रांजिट कैंप की चौकी आवास विकास पुलिस फरार वांछित मनीष उर्फ मनिया पुत्र प्रहलाद मर्तोलिया निवासी बनसेरा भराड़ी थाना कपकोट जिला बागेश्वर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वांछित वर्ष 2022 के चोरी में फरार चल रहा था। मनीष और उसके साथी के खिलाफ 225/2022 धारा 380/457 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आवास विकास निवासी अनिल जोशी पुत्र गिरीश चंद्र जोशी ने 16 जून 2022 को तहरीर दी थी। तहरीर में उन्होंने बताया कि वह मैनेजर सिद्धुबार में कार्यरत हैं। सिद्धुबार में किचन में कुक के काम करने वाले बसन् पाण्डेय निवासी मेलकांडे व उसके सहायक मनीष ने मिलकर चार लाख सत्तरह हजार रूपये नगर काउण्टर का ताला तोड़कर चोरी करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बसन्त पांडे पुत्र स्व.दयाकृष्ण पांडे निवासी ग्राम मेलकाण्डे लमगड़ा को मोबाइल और नगदी के साथ 25 दिसंबर 23 को गिरफ्तार कर न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा गया। मनीष तभी से फरार चल रहा। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही। पुलिस ने फरार वांछित को गिरफ्तार कर लिया और उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी आवास विकास प्रकाश चन्द्र आर्या,अनिल भारती, महिला कांस्टेबल गंगा विष्ट आदि मौजूद रहे।



# कई राज्यों के खिलाड़ियों संग कोच व टेक्निकल टीम पहुंची

हल्द्वानी। उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए विभिन्न प्रदेशों के खिलाडियों के साथ ही कोच एवं टेक्निकल स्टाफ का आगमन प्रारम्भ हो गया है। यहां रेलवे स्टेशन में शुक्रवार को ट्रेन द्वारा तमिलनाडू, मध्यप्रदेश, दिल्ली, आन्ध प्रदेश, हरियाणा एवं मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन के खिलाडियों एवं कोच सहित टेक्निकल स्टाफ का आगमन हुआ। जिला प्रशासन एवं खेल महकमे के अधिकारियों द्वारा खिलाडियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया साथ ही रेलवे स्टेशन पर छोलिया टीम द्वारा भी छोलिया नृत्य कर भव्य स्वागत किया गया। खिलाडियों द्वारा बताया गया कि ट्रायथलॉन गेम्स में साइकिलिंग रेसिंग एवं स्विमिंग प्रतियोगितायें होनी है।



# हेरिटेज भवन में स्थापित होगी आधुनिक लाइब्रेरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में अत्याधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना हेतु जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग, कार्यदाई संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग तथा डिजाइन एजेंसी की बैठक ली। कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में बैठक लेते हुये जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि लाइब्रेरी की स्थापना हेतु राजकीय इन्टर कालेज कालाढूगी रोड हल्द्वानी के पुराने दोमंजिला हेरिटेज भवन को मूल स्वरूप में संरक्षित करते हुए भवन का जीर्णोद्वार किया जाए साथ ही पुस्तकालय को आधुनिक एवं मॉडल पुस्तकालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था के साथ ही शिक्षा महकमे के अधिकारियों निर्देश दिये। उन्होंने कहा पुस्तकालय इस प्रकार का आधुनिक निर्माण जाय ताकि विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त शहर के सभी पाठकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा पुस्तकालय में लगभग 100 से अधिक पाठकों के बैठने की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी द्वारा पुस्तकालय के भवन हेतु 1.50 करोड की धनराशि स्वीकृत की गई है साथ ही कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को स्वीकृत बजट के सापेक्ष 75 प्रतिशत धनराशि जारी की जा चुकी है। कार्यदाई संस्था ने बताया कि कार्य की निविदा आमंत्रित कर ली गई है। जिलाधिकारी ने उक्त कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्वता के साथ 6 माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने पुस्तकालय के संचालन हेतु एसओपी तैयार करने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा आधुनिक पुस्तकालय में सभी जनपयोगी पुस्तकों के साथ ही समसामयिक व परीक्षा उपयोगी पाठन सामग्री आदि से समृद्व किया जाए। उन्होंने कहा पुस्तकालय के भविष्य में सफल संचालन एवं रख रखाव हेतु ई ओ आई आमंत्रित कर उपयुक्त संस्था का चयन कर लिया जाए।बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग, कार्यदायी संस्था के आर्किटेक्ट तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।






रूद्रपुर के मतगणना स्थल बगवाड़ा मंडी में निकायों की मतगणना के दृश्य।










# उत्तराखंड पुलिस के 53 अधिकारी व कर्मचारी होंगे सम्मानित

## आईजी केवल खुराना, एसएसपी अजय सिंह व प्रमेंद्र डोभाल को मिलेगा उत्कृष्ट सेवा पदक



देहरादून। गणतंत्र दिवस पर आईजी केवल खुराना समेत 53 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी राज्यपाल का उत्कृष्ट सेवा पदक (विशिष्ट कार्य के लिए) और पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क से सम्मानित किए जाएंगे। आईजी खुराना को नए आपराधिक कानूनों की ट्रेनिंग और क्रियान्वयन के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। इसके अलावा एसएसपी देहरादून अजय सिंह, एसएसपी हरिद्वार परमेंद्र डोबाल समेत अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को विशिष्ट कार्य के लिए राज्यपाल पदक दिया जाएगा। इस साल पहली बार पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सेवा और विशिष्ट कार्य के आधार पर गोल्ड और सिल्वर भी पुलिसकर्मियों को दिया जाएगा। इसमें बीते वर्ष देहरादून और हरिद्वार में हुई बड़ी आपराधिक घटनाओं के खुलासे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं।

**राज्यपाल का उत्कृष्ट सेवा पदक**
**( विशिष्ट कार्य लिए )**

केवल खुराना, आईजी ट्रेनिंग
अजय सिंह, एसएसपी देहरादून
परमेंद्र डोबाल, एसएसपी हरिद्वार
सुरजीत सिंह पंवार, एएसपी 40वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार
लोकजीत सिंह, एएसपी हरिद्वार
दीपक सिंह पंवार, एसआई, पौड़ी गढ़वाल
ज्योति कन्याल, एसआई, देहरादून
प्रमोद कुमार उनियाल, एएसआई, उत्तरकाशी

**पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड**
**( सेवा के आधार पर )**

प्रदीप कुमार राय, एसपी इंटेलीजेंस
राकेश रावत, डीएसपी, हरिद्वार
बिपेंद्र सिंह, डीएसपी, 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार
उमादत्त सेमवाल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, टिहरी गढ़वाल
कुंवर सिंह रावत, इंस्पेक्टर, पिथौरागढ़
जगत सिंह बिष्ट, एसआई एमटी, देहरादून
विजय लक्ष्मी जुयाल, एसआई, पुलिस मुख्यालय
राजेंद्र सिंह, प्लाटून कमांडर, 31वीं वाहिनी पीएसी
सुरेश लाल स्नेही, एएसआई, सीआईडी, देहरादून
साधना, हेड कांस्टेबल, नैनीताल

**पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड**
**( विशिष्ट कार्य के लिए )**

कमल कुमार लुंठी, एसएचओ पटेलनगर, देहरादून
प्रकाश शाह, एसआई, एएनटीएफ देहरादून
निदेश कुमार, एसआईजी, मंगलौर, हरिद्वार
नरेश चौहान, इंस्पेक्टर, ऊधमसिंह नगर
नरेश सिंह, एसओ बहादराबाद, हरिद्वार

**पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर**
**( सेवा के आधार पर )**

कृष्ण कुमार वीके, आईजी इंटेलीजेंस
कमलेश पंत, डीएसपी, सचिवालय व विधानसभा सुरक्षा
अनिल मनराल, डीएसपी, विजिलेंस, हल्द्वानी
बिरेंद्र सिंह कठैत, कंपनी कमांडर, 40वीं वाहिनी पीएसी, हरिद्वार
महेश चंद्र, अग्निशमन अधिकारी, अल्मोड़ा
जीवन सिंह बिष्ट, इंस्पेक्टर, विजिलेंस
बालम सिंह बजेली, कंपनी कमांडर, एसडीआरएफ बटालियन,
नीरज यादव, इंस्पेक्टर, इंटेलीजेंस
शेर बहादुर, इंस्पेक्टर इंटेलीजेंस, हल्द्वानी
मंगल सिंह नेगी, एसआई, पिथौरागढ़
अरुण कुमार पांडेय, एसआई, इंटेलीजेंस, उत्तरकाशी
सुरेंद्र सिंह राणा, एसआई एमटी, पुलिस मुख्यालय
पुष्पा रौतेला, एसआई यातायात पुलिस
चं द्र प्रकाश सिंह, एएसआई, नैनीताल
जसवंत सिंह, अपर गुल्मनायक, पीटीसी नरेंद्र नगर
सुशील कुमार, एएसआई, जीआरपी
मोहिनी देवी, एएसआई, हरिद्वार
उमेश चंद्र देवराड़ी, सहायक दरोगा, पुलिस मुख्यालय देहरादून
सुंदर सिंह, फायर सर्विस चालक, ऊधमसिंहनगर
ललित प्रसाद, कांस्टेबल, आईआरबी रामनगर

**पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर**
**( विशिष्ट कार्य के लिए )**

अजय गणपति कुंभार, एसपी, चंपावत
लक्ष्मण सिंह नेगी, इंस्पेक्टर इंटेलीजेंस, देहरादून
त्रिभुवन रौतेला, इंस्पेक्टर, साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून
देवेश खुगसाल, एसआई चौकी प्रभारी आईएसबीटी
प्रद्युम्न सिंह नेगी, एसआई, पौड़ी गढ़वाल
अमनदीप सिंह, एसआई चमोली
विकास कुमार सैनी, हेड कांस्टेबल, टिहरी गढ़वाल
प्रदीप सिंह मेहता, कांस्टेबल, एसडीआरएफ
पंकज बिष्ट, कांस्टेबल, पीटीसी नरेंद्र नगर
वसीम अकरम, कांस्टेबल, हरिद्वार

# उत्तराखंडी संस्कृति से रूबरू होंगे देश के खिलाड़ी

## राष्ट्रीय खेलों का भव्य शुभारंभ राजीव गांधी स्टेडियम में होगा

देहरादून। 28 जनवरी को उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज हो जाएगा। उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समारोह में उत्तराखंडी बैंड पांडवाज समेत बॉलीवुड गायक जुबिन नौटियाल और इंडियन आइडल फेम पवनदीप राजन लाइव प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के जरिए देशभर से आने वाले करीब 10 हजार खिलाड़ी उत्तराखंड की लोक संस्कृति से रूबरू होंगे। राष्ट्रीय खेलों का भव्य शुभारंभ रायपुर स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। वैसे तो बीते लंबे समय से राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन 28 जनवरी को आयोजित होने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन देशभर के खिलाड़ी व मेहमान हिस्सा लेंगे। वह सभी उत्तराखंडी संस्कृति से रूबरू होंगे। पांडवाज के कार्यक्रम में 1200 स्कूली बच्चे प्रतिभाग करेंगे। बैंड की प्रस्तुति को आकर्षक बनाने के लिए बच्चे गीतों की प्रस्तुति के दौरान कभी मौली तो कभी बुरांश की आकृति बनेंगे। वहीं, पांडवाज ने राष्ट्रीय खेलों का थीम सॉन्ग भी बनाया है। उत्तराखंडी धुन में रचा व बसा ये थीम सॉन्ग पहाड़ी वाद्ययंत्रों की सुकून भरी आवाज से लोगों को लुभा रहा है। पांडवाज के कुणाल डोभाल ने बताया, पूरे उत्तराखंड की संस्कृति को गीत से जोड़ने के लिए गढ़वाली, कुमाऊंनी के साथ हिंदी भाषा में गीत को तैयार किया गया है। गीत को गढ़वाली में प्रेम मोहन डोभाल और कुमाऊनी में दीपक मेहता ने लिखा है। जबकि, इशान डोभाल ने गीत को संगीत दिया है। राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ समारोह में प्रस्तुति देने के लिए उत्तराखंडी कलाकार बेहद उत्साहित हैं। कुणाल डोभाल ने कहा,



यह पहला मौका होगा जब इतने बड़े मंच पर सिर्फ उत्तराखंडी कलाकारों को प्रस्तुति का मौका मिलेगा। अभी तक इस तरह के बड़े आयोजनों में बॉलीवुड सितारों को हिस्सा बनाया जाता था। इस बार सिर्फ उत्तराखंडी कलाकारों को जगह मिली है। बताया, अभी तक उनका ग्रुप प्रदेश के कई जिलों में प्रस्तुति दे चुका है। लोगों का बहुत प्यार मिल रहा है और राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा बनना सभी कलाकारों के लिए बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय खेलों में मौली का किरदार खूब चर्चाओं में है। मौली जहां भी पहुंच रहा है, लोग उसका भव्य स्वागत कर रहे हैं। इसे पांडवाज ग्रुप ने डिजाइन किया है।

# कोटद्वार में बांग्लादेशी नागरिक को किया गिरफ्तार

देहरादून। कोटद्वार में खुफिया पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम को दुर्गापुरी में घूम रहे एक संदिग्ध बांग्लादेशी को पकड़ लिया। स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) टीम ने उसे कोतवाली लाकर पुलिस को सौंप दिया है और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बृहस्पतिवार शाम को ही हरिद्वार-लालढांग होते हुए कोटद्वार पहुंचा था। एलआईयू इंचार्ज उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद चमोली ने मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। बताया कि बृहस्पतिवार शाम को मतदान ड्यूटी में सूचना संकलन, शांति व्यवस्था व संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी चेकिंग के लिए वह आरक्षी सुनील कठैत एवं आरक्षी अनुज कुमार के साथ क्षेत्र में रवाना हुए। इस दौरान उन्हें भाबर क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गापुरी चौराहे में एसबीआई के नजदीक युवक दिखाई दिया। वेशभूषा से संदिग्ध प्रतीत होने पर टीम ने उससे पूछताछ की, जिस पर उसकी भाषा हिंदी से अलग थी, जो उनकी समझ में नहीं आई। पूछताछ करने पर व्यक्ति बांग्ला भाषा में जवाब दे रहा था और थोड़ी बहुत हिंदी भाषा समझ रहा था। हिंदी भाषा में पूछने पर उसने स्वयं को बांग्लादेशी बताया। टीम ने युवक से पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज दिखाने को कहा तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। युवक ने स्वयं को अनपढ़ बताया और मजदूरी करने के लिए कोटद्वार में आना बताया। पूछताछ से व्यक्ति बांग्लादेशी और उसकी नागरिकता संदिग्ध प्रतीत होने पर टीम उसे पकड़कर थाने ले आई। कोतवाली में पूछताछ के दौरान युवक ने स्वयं को बांग्लादेश का नागरिक बताते हुए अपनी पहचान फारूख हसन (43) पुत्र नियाकत अली निवासी जाधवपुर, जिला चुआडांगा, बांग्लादेश बताई। आरोपी ने बताया कि वह बेनापोल बॉर्डर को अवैध रूप से पार कर भारत आया है और वह मजदूरी की तलाश में बृहस्पतिवार शाम को हरिद्वार लालढांग होते हुए कोटद्वार पहुंचा। कोतवाल रमेश तनवार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारत में बिना पासपोर्ट, वीजा के अवैध रूप से प्रवेश करने, भारत में अवैध रूप से निवास करने के मामले में उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14 व पासपोर्ट इंट्री इन टू इंडिया एक्ट 1920 की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# पेज एक का शेष...

9 **नगर निगमों में** ..22 में भाजपा की पूनम कोली आगे चल रही थी। वार्ड 25 में भाजपा की प्रियंका गुप्ता आगे थी। वार्ड 28 में कांग्रेस के चिराग कालड़ा भाजपा से आगे चल रहे थे। वार्ड 29 से भाजपा रूबी पाल आगे थी। समाचार लिखने तक मतगणना जारी थी। **हल्द्वानी**- यहां एमबी इंटर कालेज में कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुयी। मेयर पद पर पहले राउंड की मतगणना में गजराज बिष्ट बढ़त बनाये हुए थे पहले राउण्ड में गजराज बिष्ट को 13962 वोट मिले । जबकि कांग्रेस के ललित जोशी को 12795 मिले । भाजपा के गजराज बिष्ट 1,167 आगे चल रहे थे। जबकि कई वार्डो में भी भाजपा के प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए थे। **काशीपुर**- मुरादाबाद रोड स्थित नवीन फल मंडी में चार निकायों के लिए 76 टेबलों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना का कार्य सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो चुका है। शुरुआती रुझानों में पहले राउंड की मतगणना के बाद भाजपा कांग्रेस से आगे चल रही थी। यहां तक कि मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों में भी कमल खिलने शुरू हो गए। दोपहर तक गिनती में भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी दीपक बाली विरोधी उम्मीदवार कांग्रेस के संदीप सहगल से 3000 मतों के अंतर से आगे चल रहे थे। काशीपुर के 40 वार्डों के लिए 40 टेबलें लगाई गई है। इसी तरह महुआ खेड़ा गंज के 9 वार्डो के लिए 9 टेबल, जसपुर की 20 वार्डों हेतु 20 टेबल तथा महुआ डाबरा के 7 वार्डों की मतगणना हेतु 7 टेबल लगाए गए हैं। मतगणना स्थल पर फल मंडी के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों का हुजूम नतीजों की एक झलक पाने को बड़ी तादाद में जमा है तो वहीं दूसरी ओर प्रत्याशियों की धड़कनें भी जय पराजय को लेकर तेज हैं। यह तो तय है कि कांग्रेस के संदीप सहगल या फिर भाजपा के दीपक बाली में से कोई एक काशीपुर का अगला महापौर होगा लेकिन अपराह्न बाद तक आ रहे रुझानों में भाजपा की दीपक बाली प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार से गिनती में आगे चल रहे हैं। माना जा रहा है कि देर शाम तक नतीजे पूरी तरह से आम हो जाएंगे। खबर लिखे जाने तक दोनों दलों के समर्थकों का भारी हुजूम फल मंडी गेट के बाहर जमा है। माना जा रहा है कि रुझान ऐसे ही बने रहे तो भाजपा रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। **सितारगंज**- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कृषि उत्पादन मंडी समिति में पालिका अध्यक्ष पद और सभासद प्रत्याशियों की मतगणना शुरू हो गई है। अभी तक के रुझान में सभासद, पालिका अध्यक्ष पद पर निर्दलियों और भाजपा के प्रत्याशियों को बढ़त मिलती दिखी । इसको लेकर समर्थकों में जबरदस्त उत्साह का माहौल दिखाई दिया। पालिका अध्यक्ष के पहले राउंड में भाजपा प्रत्याशी सुखदेव सिंह, निर्दलीय सरफराज राजू से बढ़त बढ़ाते दिखे। शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू की गई। जिसमें पालिका अध्यक्ष और सभासद प्रत्याशियों के समक्ष सर्वप्रथम गिनती की गई। पहले राउंड की काउंटिंग में पालिका अध्यक्ष और सभासद की मतगणना में भाजपा और निर्दलीयों के बीच बढ़त के रुझान सामने आ रहे हैं लेकिन कांग्रेस तीसरे पायदान पर जाती दिख रही है। पहले राउंड की काउंटिंग में भाजपा के सुखदेव सिंह, निर्दलीय सरफराज राजू से आगे चल रहे हैं। दूसरे राउंड की काउंटिंग के नतीजे आने के बाद ही पालिका अध्यक्ष पद पर जीत सुनिश्चित होगी। इस दौरान प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ जुटी हुई है।

**गूलरभोज में निर्दलियों का** ...हासिल की। उन्हे 359 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के सुमीत कुमार बैरागी 181 तथा भाजपा के रतन सिंह को 80 मत हासिल हुये। वार्ड पांच से निर्दलीय पूनम ने जीत हासिल की। उन्हे 312 मत जबकि उनके प्रतिद्वन्द्वी भाजपा की परमजीत कौर को 130 व कांग्रेस की नेहा को 93 मत प्राप्त हुय। वार्ड छह से कांग्रेस के लखबीर सिंह जीते। उन्हे कुल 205 मत मिले जबकि निर्दलीय गोपाल मिस्त्री को 196 और भाजपा के नन्दन सिंह कोश्यारी को 121 मत प्राप्त हुये। वार्ड सात से निर्दलीय प्रत्याशी ऊषा ने जीत हासिल की। उन्हे 348 मत मिले जबकि उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की मीना यादव को 301 मत हासिल हुयें ।


**नगला में सचिन**...अपने प्रतिद्वंद्धी टीका सिंह को मात्र 3 वोटों से हराया। अजय को 114 और टीका सिंह को 11 वोट मिले। वार्ड नं. 7 में देवेन्द्र यादव ने 165 वोट लेकर जीत दर्ज की उनकी प्रतिद्वंद्धी भगवती देवी को 118 वोट मिले। वार्ड नं. 6 में गोपाल दत्त पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी सचिन शुक्ला की भारी मतों से जीत पर भाजपाईयों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। परिणाम घोषित होने के बाद सचिन शुक्ला और किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का समर्थकों ने जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

**लालकुंआ में भाजपा**...प्रत्याशी मीना रावत को 237 वोट मिले है। वार्ड नंबर 3 जवाहर नगर से सभासद प्रत्याशी योगेश उपाध्याय ने जीत दर्ज की है, उन्हें 439 मत प्राप्त हुए हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी सचिन अग्रवाल को भारी मतों से पराजित किया है। वार्ड रेलवे कॉलोनी वार्ड 7 से भुवन पांडे विजयी घोषित हुए हैं। वहीं वार्ड 4आजाद नगर शबनम और वार्ड 5 सुभाष नगर सुरेश शाह वार्ड 6 से निशा जोशी विजयी घोषित हुई हैं।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


धर्म, संस्कृति, आस्था का प्रतीक
सनातन गर्व
महाकुंभ पर्व
ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः।
चलो कुम्भ चलें
• १४४ वर्षों बाद आए दुर्लभ महाकुंभ पर्व का स्नान करोड़ों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है और सनातन संस्कृति की महानता को दर्शाता है।
• मान्यता है कि करोड़ों वर्ष पूर्व देवताओं और दानवों के बीच समुद्र मंथन के दौरान जो अमृत कुम्भ निकला था, उसके अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी पर गिर गई थी और महाकुंभ पर्व पर इन पवित्र नदियों में स्नान करने से आध्यात्मिक शुद्धि, पापों का प्रायश्चित कर मनुष्य को पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है,
• आईये, इस दुर्लभ महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अपने जीवन को सफल बनाये और महाकुम्भ के साक्षी बने।
सुशील गाबा
sushilgaba